परछाई | By Sandya Tomar

मेरा श्याम बसा मेरे दिल में
धड़कन बनकर यह धड़कता है
परछाईं जैसे संग चले
मेरा श्याम सदा संग रहता है

मेरा श्याम से ऐसा रिश्ता है
जैसे दीपक और बाती का
मेरा श्याम कृपालु भक्तों पर
रहमत की छटा बरसाता है

कुछ और ना मांगू श्याम प्रभु
बस तेरा साया साथ रहे
मैं तुझसे लिपटकर रोता हूं
जब जब तू प्रेम लुटाता है

मैं तुमसे मोहब्बत करता हूं
तुमसे ही मेरा जीवन है
सोनी ने जब जब नाम लिया
मेरा बाबा हाथ बढ़ाता है

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%aa%e0%a4%b0%e0%a4%9b%e0%a4%be%e0%a4%88-by-sandya-tomar/